
आज़ादी का
अमृत महोत्सव




# साप्ताहिक
# सूचना पत्र

(दिनांक 14.02.2022 से 19.02.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) अस्पताल का उद्घाटन

(दिनांक 13.02.22)




**विषय: कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) अस्पताल का उद्घाटन।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव जी के साथ गुरुग्राम के मानेसर में बनने जा रहे 500 बेड के ESIC अस्पताल की आधारशिला रखी।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आईएमटी मानेसर में बनने वाले 500 बेड ईएसआईसी अस्पताल में आम लोगों को भी ईलाज की सुविधाएं मिलेंगी। इसके साथ ही मानेसर में एक नर्सिंग कॉलेज भी खोला जाएगा जिसके लिए, राज्य सरकार 5 एकड़ जमीन भी उपलब्ध करवाएगी।

आईएमटी मानेसर में 500 बेड का यह ईएसआईसी अस्पताल लगभग 8 एकड़ भूखंड पर बनेगा। इस अस्पताल के निर्माण पर 500 करोड़ रूपये से अधिक की लागत आएगी जिसमें लोगों को आपातकालीन, ओपीडी, आईसीयू, स्त्री रोग एवं प्रसूति, बाल रोग, ह्रदय रोग, कैंसर उपचार, ब्लड बैंक आदि उच्च स्तरीय सुविधाएं दी जाएंगी। गुरूग्राम जिला के अलावा इस अस्पताल से रेवाड़ी, नूंह और आस पास के जिलों के लोगों को भी लाभ होगा।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि श्रम शक्ति समाज का बहुत बड़ा वर्ग है और इस वर्ग की विश्व के निर्माण में बड़ी भागीदारी है। इस वर्ग की खुशहाली के लिए सरकारी स्तर पर प्रयास हो रहे हैं और आज अस्पताल के शिलान्यास से श्रम शक्ति का विश्वास जगा है। व्यक्ति की शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान के साथ रोटी, कपड़ा और मकान की मूलभूत आवष्यकता होती है। उन्होंने कहा कि श्रम शक्ति का स्वस्थ होना उद्योगो के



# साप्ताहिक सूचना पत्र

विकास का द्ययोतक है और इससे उत्पादन बढ़ेगा तथा देश की उन्नति होगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में श्रम शक्ति पोर्टल पर 50 लाख से ज्यादा श्रमिक पंजीकृत हैं और श्रम विभाग में 25 लाख लोगों का पंजीकरण है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव जी ने कहा कि मानेसर का 500 बेड का ईएसआई अस्पताल पर्यावरण हितैशी अस्पताल होगा और इसका इको फ्रेंडली नक्शा तैयार करवाने के लिए 20 फरवरी से 20 मार्च तक देशभर के आर्किटेक्चर कॉलेजो के नौजवानों की प्रतिस्पर्धा करवाई जाएगी। उसमें सबसे अच्छा नक्शा बनाने वाले नौजवान को 2 लाख रूप्ये का पहला पुरस्कार, दूसरे स्थान पर रहने वाले को डेढ़ लाख रूप्ये तथा तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले युवा विद्यार्थी को एक लाख रूप्ये की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह राशि प्रोत्साहन राशि नही है बल्कि इन आकांक्षीय युवाओं को भविष्य के भारत का अस्पताल बनाने में भागीदार बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयुषमान भारत योजना के तहत सोशल सिक्योरिटी कोड जब लागू होगा तो बीमित व्यक्तियों के साथ साथ स्थानीय लोगों को भी ईएसआई के अस्पतालों का लाभ होगा।


## नूंह के पाठखोरी गावँ में जलसंवर्धन कार्यक्रम

(दिनांक 13.02.22)



**विषय: नूंह के पाठखोरी गावँ में जलसंवर्धन कार्यक्रम।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने नूंह के फ़िरोजपुर झिरका खंड के पाठखोरी गावँ में जलसंवर्धन कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जल संचय की दिशा में बांध परियोजना कारगर क़दम है। और इसके लिए हमें जनभागीदारी के साथ वर्षा के जल संचय पर भी फ़ोकस करना होगा। इसलिए सरकार अरावली व शिवालिक की पहाड़ियों में छोटे–छोटे झरनों के माध्यम से व्यर्थ बह रहे पानी को बांध बनाकर संरक्षित किया जा रही है ताकि बरसात के मौसम के बाद इस वर्षा जल का उपयोग पेयजल व सिंचाई के लिए सालभर किया जा सके। हरियाणा सरकार सामाजिक सहभागिता के साथ ऐसे बांध बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने जल संरक्षण की दिशा में बांध बनाकर उठाये जा रहे



# साप्ताहिक सूचना पत्र

कदम के लिए तरुण भारत संघ के प्रयास की सराहना की और इस परियोजना के लिए उन्हें स्वैच्छिक कोश से 50 लाख रूपए देने की घोशणा भी की और कहा कि तालाब, बावड़ी और झीलों के संरक्षण के लिए बारिश के पानी का संचय किया जाना चाहिए। इस क्षेत्र में पानी का स्तर बहुत नीचे है और वह भी अब खारा हो गया है, इसलिए सरकार ने इस क्षेत्र में पानी की कमी को दूर करने के लिए इस जिला को 263 करोड़ रूपये की रैनीवेल योजना से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार शरीर में खून का संचालन होता है, उसी प्रकार धरती मां के लिए पानी की जरूरत है। धरती मां की तड़प को दूर करने के लिए दक्षिणी हरियाणा में पर्याप्त पानी पहुंचाने के लिए सरकार काम रही है। इसी कड़ी में केएमपी एक्सप्रेस–वे के साथ–साथ यमुना नदी से पानी लेते हुए 200 क्यूसेक क्षमता के साथ मेवात कैनाल बनाई जा रही है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा की आज पानी को बचाना हमारे लिए बहुत जरूरी हो गया है।पानी की हर एक बूंद आज हमारे लिए गंगा की तरह है।हमें समझना होगा कि पानी का विकल्प केवल पानी ही है।

## एस्पिरेशनल जिले नूंह में चल रहे कार्यो की समीक्षा


(दिनांक 13.02.22)




**विषय: एस्पिरेशनल जिले नूंह में चल रहे कार्यो की समीक्षा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने नूंह में प्रधानमंत्री जी द्वारा चलाए जा रहे एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट के तहत किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए। यह मीटिंग माननीय मुख्यमंत्री जी ने नूंह पहुँचकर ही ली और चंडीगढ़ से भी अधिकारियों को नूंह ही आने का आदेश दिया था।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी अधिकारियों को विशेष रूप से यह निर्देश दिए है कि नूंह के विकास में वह किसी प्रकार की कोई कमी न आने दे और यहाँ चल रहे सभी कार्यो की विशेष निगरानी भी की जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हालांकि नूंह में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के आंकड़े पर्याप्त प्रगति दिखाते हैं लेकिन



# साप्ताहिक सूचना पत्र

स्वास्थ्य एवं पोषण, बाल टीकाकरण इत्यादि जैसे विभिन्न कारकों पर अभी भी अधिक ध्यान देने की आवष्यकता है। मुख्यमंत्री ने स्थानीय प्रशासन के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों को जिला नूंह में रिक्त पदों को तुरंत भरने और नोडल अधिकारी की प्रतिनियुक्त करने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 2018 में यह कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा शुरू किया गया था। और तब से लेकर आज तक नूंह की स्थिति में काफ़ी परिवर्तन हुआ है पर अभी भी हमें मेहनत करने की आवष्यकता है। हमारा प्रयास है कि हम नूंह से इस पिछड़ेपन के दाग को हमेशा हमेशा के लिए मिटा दे।

इससे पहले माननीय प्रधानमंत्री जी ने भी जिला नूंह में इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के ठोस कार्यान्वयन के लिए मुख्यमंत्री जी की प्रशंसा की थी। इसके अलावा, नीति आयोग ने हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई बालिका शिक्षा वाहिनी की विशेष पहल की सराहना भी की है।

## जिला जेल नूंह का उद्घाटन


(दिनांक 14.02.22)



**विषय: जिला जेल नूंह का उद्घाटन।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने नूंह में नवनिर्मित और अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरणो से लैस जेल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश की जेंले सुधार गृह की भूमिका में हैं। जेल में बंदियों के मानसिक, धार्मिक व सामाजिक विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जेलों में कैदियों की निरंतर काउंसलिंग प्रक्रिया की जा रही है तथा जेल से रिहा होने के बाद पुलिस विभाग बाद में भी उनकी काउंसलिंग करेंगे, ताकि उनमें अपराधिक प्रवृति पुनः न आए। उन्होंने जेल प्रशासन से कहा कि कैदियों को प्रताड़ित नहीं करना है, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास पर ध्यान देना चाहिए ताकि वे जेल से बाहर आकर अच्छे नागरिक के रूप में समाज में स्थापित हो सकें। अपराधी को भी सुधार का मौका मिलना चाहिए; उन्होंने कहा कि जेलों में बंदियों के शारीरिक विकास के लिए खेल मैदान भी तैयार किए जाएं। प्रदेश में



# साप्ताहिक सूचना पत्र

अच्छी जेलें बनाई जा रही हैं और बंदियों को सभी जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं।
इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश की 20वीं जेल के रूप में शुरू हो रही जिला नूंह जेल परिसर में घोषणा की कि पुलिस विभाग की तर्ज पर जेल वार्डन के रूप में 18 साल की अच्छी सर्विस करने के बाद वार्डर को इक्जैम्टी हैड वार्डर बनाया जाएगा। जेल अधीक्षकों को अन्य अधिकारियों की तर्ज पर सरकारी कार्य के लिए वाहन मुहैया कराए जाएंगे। जेल अधीक्षक व इससे उच्च पदों पर कार्यरत अधिकारियों को वर्दी भत्ता दिया जाएगा ताकि वे भी वर्दी में नजर आएं। इसी प्रकार जेल विभाग में भी पुलिस विभाग की तर्ज पर राष्ट्रपति मेडल के बाद नौकरी में सेवा विस्तार भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जेल विभाग में खाली पदों पर जल्द ही भर्ती भी की जाएंगी।
साथ ही मुख्यमंत्री जी ने यह भी घोषणा की कि जेल में ड्यूटी देने वाले स्वास्थ्य विभाग के डाक्टर्स को ग्रामीण क्षेत्र की ड्यूटी की अनिवार्यता नहीं रहेगी। जेल की सर्विस को ही ग्रामीण क्षेत्र की ड्यूटी के बराबर माना जाएगा।


## कौशल रोजगार निगम की समीक्षा बैठक

(दिनांक 16.02.22)



**विषय: कौशल रोजगार निगम की समीक्षा बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने कौशल रोजगार निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर चल रहे कार्यो की समीक्षा की। माननीय मुख्यमंत्री जी ने इसके तहत किये गए आवेदनों की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने और सभी विभागों से आउटसोर्स के तहत लगने वाले कर्मचारियों की जानकारी लेकर पोर्टल पर अपडेट करने के भी निर्देश दिए। ताकि जल्द से जल्द पोर्टल पर आये आवेदनों को विभाग में भेजा जा सके।
इसके साथ ही मननीय मुख्यमंत्री जी ने आवेदनकर्ताओं के अनुभव के सर्टिफिकेट की जाँच करने के लिए प्रक्रिया बनाने और कॉन्ट्रेक्ट को इसी पोर्टल के माध्यम से रिन्यू करने के भी निर्देश दिए।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## वृद्धा अवस्था पेंशन के बारे में

(दिनांक 16.02.22)

**विषय: वृद्धा अवस्था पेंशन के बारे में।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने सोशल जस्टिस विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर बुजुर्गों की बनने वाली पेंशन के तहत किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। इसमें विशेष रूप से माननीय मुख्यमंत्री जी ने उन लोगो की पेंशन के संबंध में जोर दिया जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है लेकिन जिन्होंने न तो पेंशन का आवेदन किया है और न ही उनकी पेंशन बानी है। मुख्यमंत्री जी ने विभाग के अधिकारियों को यह स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन लोगो की आयु 60 साल से अधिक है और जो सारे नियमों को पूरा करते है लेकिन उनकी पेंशन नही बनी है उनका डेटा परिवार पहचान पत्र से लेकर जल्द से जल्द वेरिफाई किया जाए और उनकी पेंशन बनाने की प्रक्रिया को पूरा किया जाए।

माननीय मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना परिवार पहचान पत्र के द्वारा ही अब ऐसे बुजुर्गों की पहचान की जा रही है जो पेंशन के हकदार है लेकिन उनकी पेंशन नहीं बनी है ऐसे लोगो का डेटा विभाग द्वारा फील्ड से वेरिफाई करवाया जा रहा है और वेरिफाई होने के बाद योग्य व्यक्तियों की पेंशन शुरू कर दी जाएगी। इसके लिए किसी भी बुजुर्ग को न तो किसी विभाग के चक्कर काटने की जरूरत होगी और न ही पेंशन के लिए कहीं कोई आवेदन करना पड़ेगा।


## किसानों को फ़सल ख़राबे का मुआवज़ा वितरण

(दिनांक 16.02.22)



**विषय: किसानों को फ़सल ख़राबे का मुआवज़ा वितरण।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज विशेष गिरदावरी खरीफ–2021 में फसल ख़राबे के मुआवजे के रूप में लगभग 9



# साप्ताहिक सूचना पत्र

लाख किसानों के लिए 561.11 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि जारी की। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज से ही मुआवजे की राशि किसानों के खातों में डालनी शुरू हो जाएगी। हरियाणा सरकार किसान हितैशी सरकार है और हम निरंतर किसानों के हित में काम कर रहे है।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि रबी–2022 सीजन में खराब फसलों का मुआवजा भी जल्द मिलेगा। हरियाणा सरकार ने खरीफ–2021 के दौरान राज्य में भारी वर्षा, जलभराव तथा कीट हमलों से हुए फसलों के नुकसान की एवज में 866 गांवों के 8,95,712 किसानों को 561.11 करोड़ रुपये मुआवजा राशि सीधे किसानों के खातों में हस्तांतरित करने की शुरुआत की है। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्हें जल्द से जल्द किसानों के खातों में मुआवजा राशि का भुगतान सुनिष्चित करने के निर्देश दिए और कहा कि 11 दिनों के भीतर यानी 28 फरवरी तक मुआवजा वितरण की प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा।

साथ ही उन्होंने उपायुक्तों को रबी– 2022 के दौरान फसलों को हुए नुकसान के आकलन के लिए वर्तमान में चल रही गिरदावरी को भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए ताकि किसानों को मुआवजा राशि समय पर मिल सके।


## हाई पॉवर परचेज कमेटी (HPPC) की बैठक

(दिनांक 17.02.22)



**विषय: हाई पॉवर परचेज कमेटी (HPPC) की बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा से संबंधित विभिन्न प्रोजेक्ट के लिए हाई पॉवर परचेज कमेटी की बैठक में कई अहम खरीदारियों को मंजूरी प्रदान की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज 1 हजार करोड़



# साप्ताहिक सूचना पत्र

रुपये के सामान की खरीद की गई जिसमें मुख्य रूप से पुलिस विभाग के लिए 220 नई गाड़ियां भी ख़रीदी जाएँगी। इसके अलावा प्ले–वे स्कूलों के लिए फर्नीचर की भी खरीद की गई। बैठक में 23 एजेंडे रखे गए थे जिनमें से 18 एजेंडों को मंजूरी दी गई।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हाई पॉवर परचेज कमेटी की बैठक में पहली से 8वीं कक्षा तक के बच्चों की किताबों की छपाई को लेकर भी निर्णय लिया गया। इसके अलावा जेलों में जैमर लगाने, बिजली विभाग के लिए ट्रांसफार्मर व केबल की खरीद प्रक्रिया पूरी की गई। इसके साथ–साथ अटल भूजल योजना के तहत गांवों में स्थित ट्यूबवेल पर वाटर फ्लो मीटर से जुड़ी खरीद प्रक्रिया भी पूरी की गई। इससे यह आसानी से पता चल सकेगा कि गांवों में कितनी मात्रा में पानी की सप्लाई की जा रही है।

## पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बजट पूर्व चर्चा

(दिनांक 19.02.22)



**विषय: पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बजट पूर्व चर्चा।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में वीडियो कॉन्फॉरेन्स के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं से बजट पर चर्चा की और उनके सुझाव जाने।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस बार का बजट आधुनिक हरियाणा के विजन पर आधारित होगा और उसमें जनता से किए वायदों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा, कृषि एवं किसान कल्याण सहित अन्य सभी क्षेत्रों व वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। जनता की जरूरत व उसकी सेवा के लिए जो भी अच्छा होगा, उसके लिए कार्य किया जाएगा।